प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने वैज्ञानिकों से कृषि के क्षेत्र में किए गए शोध को खेत–खलियानों तक पहुंचाने के आह्वान किया है। उन्होंने आज चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के 17वें दीक्षांत समारोह को शिमला से वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। राज्यपाल ने युवा वैज्ञानिकों को शोध के क्षेत्र में अर्जित की गई नई उपलब्धियों का उपयोग किसानों की आर्थिकी में सुधार की दिशा में करने को कहा। कविंद्र गुप्ता ने उपाधि हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों और स्वर्ण पदक विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने अपनी स्थापना के बाद से ही प्रदेश के कृषि क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राज्यपाल ने कहा कि कृषि व इससे जुड़े क्षेत्र राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में करीब 9 दशमलव 4 फीसदी का योगदान देते हैं जो कृषि अनुंसधान व नवाचार के महत्व को दर्शाता है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज चंडीगढ़ में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में बेहतर और अनुकरणीय पद्धतियों व नवाचार पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से फील्ड स्टाफ से लेकर अग्रिम पंक्तियों के कर्मियों तक सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सुविधा होगी। जे.पी. नड्डा ने कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन से सामने आएगा कि कैसे प्रांतीय रणनीतियों का इस्तेममाल मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली तैयार करने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए व्यापक तंत्र बनाने में हो सकता है।

चुनाव

प्रदेश में 51 शहरी निकायों के लिए 17 मई को होने वाले मतदान को लेकर आज नामांकन पत्र भरने का दूसरा दिन था। राज्य में अनेक उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए आज अपने नामांकन दाखिल किए। इस चुनाव के लिए 2 मई को नामांकन भरने का अंतिम दिन है। नाहन नगर परिषद के सभी 13 वार्डों के लिए आज कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे जबकि भाजपा समर्थित 4 प्रत्याशियों ने भी अपने पर्चे दाखिल किए। इस मौके पर कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने अपनी पार्टी की जीत का दावा किया।

वहीं दूसरी ओर प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य सुरेन्द्र हिन्दुस्तानी ने बताया कि भाजपा ने जीतने की क्षमता और जनसेवा की भावना वाले प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

घरेलू गैस

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पूरे देश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की निर्बाध आपूर्ति है और किसी भी वितरक से घरेलू एल.पी.जी आपूर्ति की कमी नहीं है। केन्द्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में बताया कि ऑनलाइन एल.पी.जी बुकिंग में लगभग 98 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि लगभग 93 प्रतिशत डिलीवरी ओ.टी.पी के माध्यम से हो रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 43 हजार पी.एन.जी उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से अपने एल.पी.जी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं।

केएनएच

कमला नेहरू अस्पताल से स्त्री रोगी विभाग को आई.जी.एम.सी शिमला स्थानांतरित करने के विरोध में अनेक संगठन लामबंद हो गए हैं। जनवादी महिला समिति व नागरिक सभा ने इसे लेकर आज आई.जी.एम.सी के बाहर धरना प्रदर्शन किया। जनवादी महिला समिति की प्रदेश सचिव फालमा चौहान ने कहा कि इस निर्णय से महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है और सरकार ने जनता की राय लिए बिना ही ये जनविरोधी निर्णय लिया है।

———————————————————